# मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना

## चर्चा में क्यों?

**मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना, 2024** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई एक नई योजना है जिसका उद्देश्य तकनीकी पाठ्यक्रमों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को ऋण प्रदान करना है।

## मुख्य बिंदु

- **उद्देश्य:** आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों, विशेष रूप से माओवाद प्रभावित ज़िलों के छात्रों को **1%** की ब्याज दर पर **4 लाख रुपए** तक का शिक्षा ऋण उपलब्ध कराकर सहायता प्रदान करना।
- **लक्षित लाभार्थी:** छत्तीसगढ़ के **2 लाख से अधिक छात्र,** विशेषकर वे जो वित्तीय अस्थिरता से प्रभावित हैं और नक्सल गतिविधियों से प्रभावित क्षेत्रों में रहते हैं ।
- **पात्रता मापदंड:**
  - **निवास:** आवेदक छत्तीसगढ़ का स्थायी निवासी होना चाहिये।
  - **आय सीमा:** परिवार की वार्षिक आय **2 लाख रुपए** से अधिक नहीं होनी चाहिये।
  - **पाठ्यक्रम आवश्यकताएँ:** छात्रों को **AICTE** अथवा **UGC** जैसे प्रासंगिक प्राधिकरणों द्वारा मान्यता प्राप्त तकनीकी क्षेत्रों में डिप्लोमा, स्नातक या स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में नामांकित होना चाहिये।

## अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (All India Council for Technical Education-AICTE)

- अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) एक सांविधिक निकाय है, और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन तकनीकी शिक्षा के लिये एक राष्ट्रीय स्तर की परिषद है।
- इसकी स्थापना नवंबर 1945 में एक राष्ट्रीय स्तर की सर्वोच्च सलाहकार संस्था के रूप में की गई थी।

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (University Grants Commission- UGC)

- यह 28 दिसंबर, 1953 को अस्तित्व में आया और **विश्वविद्यालय शिक्षा** में शिक्षण, परीक्षा और अनुसंधान के मानकों के समन्वय, निर्धारण और रखरखाव के लिये वर्ष 1956 में संसद के एक अधिनियम द्वारा एक वैधानिक निकाय बन गया।
- यह फर्जी विश्वविद्यालयों, स्वायत्त कॉलेजों, मानद विश्वविद्यालयों और दूरस्थ शिक्षा संस्थानों की मान्यता को भी नियंत्रित करता है।
- UGC का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।